छात्र भविष्य की योजनाओं का रोडमैप करें तैयार

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) में स्टार्टअप ईको सिस्टम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। शनिवार को कार्यशाला में विवि के संस्थापक कुलपति प्रो. वीके तिवारी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उन्होंने कहा, कक्षाओं में अध्ययन के अलावा अतिरिक्त समय में भविष्य की योजनाओं का रोडमैप भी तैयार करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं को स्टार्टअप के महत्व के बारे में भी बताया।

ऑनलाइन माध्यम से जुड़े निजी कंपनी के सीईओ राहुल रावत ने स्टार्टअप के क्षेत्र में अपने विचार व अनुभव साझा किए। रौविन नागर ने स्टार्टअप में आने वाली समस्याओं व उनके निपटारे के समाधान बताए। विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा, छात्र स्टार्टअप के माध्यम से अपने भविष्य की कार्ययोजना पर काम करें।

विवि की ओर से स्टार्टअप के लिए यूटीयू आई-हब के माध्यम से हर संभव सहयोग किया जा रहा है। इस मौके पर दीपक राजपूत, डॉ. मनोज कुमार पाण्डा, प्रो. वीके पटेल, डॉ. विशाल रमोला, डॉ. रश्मि सैनी आदि मौजूद रहे। मा.सि.रि.